श्याम का खज़ाना | By Roshan Sharma

मैं तो श्याम का खज़ाना ले आया
श्याम भक्तों में बांटने हूँ आया

श्याम भक्तों को दूंगा खज़ाना
जिसे चाहिए वो मुझको बताना
बिना मोल मैंने खूब है लुटाया
श्याम भक्तों में बांटने हूँ आया

देखो भजनो का है ये ख़ज़ाना
वही लेना जो चाहते हो गाना
इन भजनो में सांवरा समाया
श्याम भक्तों में बांटने हूँ आया

खुद गाना और सबसे गवाना
नित सांवरे का नाम ही गुंजाना
यही भाव मेरे मन है भाया
श्याम भक्तों में बांटने हूँ आया

ये भजन तो है श्याम की प्रसादी
सारे बन ही रहे इसके आदि
ये प्रसादी रवि लेके आया
श्याम भक्तों में बांटने हूँ आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-roshan-sharma/